अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)

website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 213 / गोपनीय / 2022 बिलासपुर, दिनांक 1 FEB 2022

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की विषम सेमेस्टर परीक्षा 2021–22 की परीक्षा में शामिल होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को अधिसूचना क्रमांक 49 / परीक्षा–गोपनीय / 2022 दिनांक 27.01.2022 द्वारा परीक्षा की समय–सारणी, प्रवेश–पत्र अभिप्रमाणक–पत्रक हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in पोर्टल से डाउनलोड करने के संबंध में दिशा–निर्देश दिये गये थे, इन्हीं के अनुक्रम में निम्न निर्देशों को परीक्षार्थियों हेतु जारी किया जाता है–

1. विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने प्रवेश–पत्र एवं अभिप्रमाणक पत्रक विश्वविद्यालय की वेबसाईट / www.exam.bucgexam.in पोर्टल से डाउनलोड करेंगे दिनांक 04.02.2022 से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं के लिये ये पत्रक दिनांक 28.01.2022 से उपलब्ध है।
2. परीक्षार्थी 32 पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका को महाविद्यालय से प्राप्त करेगा। इससे अधिक पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका मान्य नहीं होगी।
3. परीक्षार्थियों को दिनांक 04.02.2022 से प्रश्न–पत्र महाविद्यालय द्वारा छात्रों के ईमेल / व्हाट्सप ग्रुप अथवा परीक्षार्थी द्वारा अपने यूजर आई.डी. का प्रयोग करते हुये लागईन करने पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट से समय–सारिणी में दिये गये समय के अनुसार प्राप्त हो सकेंगे। ये प्रश्न–पत्र उत्तर पुस्तिका जमा करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक निर्बाध रूप से डाउनलोड किये जा सकते हैं। उपर्युक्त निर्धारित समयावधि तक परीक्षार्थी किसी भी तिथि / कक्षा / विषय का प्रश्न–पत्र किसी भी समय अपने लागईन आई.डी. का प्रयोग करते हुये प्राप्त कर सकता है।
4. परीक्षार्थी पृथक–पृथक विषय के लिये 32 पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका मे उत्तर लिखकर इन लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को एवं अभिप्रमाणक पत्रक को पूर्णतया भरकर इन्हें अपने महाविद्यालय में अंतिम तिथि के पूर्व भी इन्हें कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये विभिन्न समयावधियों में जारी मानक परिचालन प्रक्रियाओं (SOP) का पालन करते हुये जमा कर सकेंगे। महाविद्यालय में उत्तर पुस्तिका को जमा करने की अंतिम तिथि 14.02.2022 है, परीक्षा परिणामों की शीघ्र घोषणा को ध्यान में रखते हुये इनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वो अंतिम तिथि के पूर्व ही उत्तर पुस्तिका को महाविद्यालय में जमा करें ताकि अनावश्यक भीड़ से वे अपने को बचा सके।
5. परीक्षार्थी यदि कोविड से संक्रमित होने / उसके निवास क्षेत्र में लॉकडाउन होने एवं किसी विशेष कारणवश महाविद्यालय में अपनी उत्तर पुस्तिका को जमा करने की स्थिति में नही है तो तत्संबंधी प्रमाण प्रस्तुत करते हुये उत्तर पुस्तिका की हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट के माध्यम से महाविद्यालय को भेज सकेंगे। महाविद्यालय में स्पीड पोस्ट से प्रेषित उत्तरपुस्तिका प्राप्त होने की अंतिम तिथि 19.02.2022 तक निर्धारित की गयी है।

परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का प्रेषण इस प्रकार से करे कि ये महाविद्यालय में दिनांक 19.02.2022 तक अनिवार्यतः प्राप्त हो जाये इस तिथि के बाद प्राप्त उत्तरपुस्तिका मान्य नहीं होगी। परीक्षार्थी असुविधा से बचने के लिये इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि उनकी उत्तरपुस्तिका समयपूर्व महाविद्यालय में जमा हो जावें। विलंब से उत्तरपुस्तिका के प्रेषण के लिये परीक्षार्थी स्वयं जवाबदार होगा।

6. वे परीक्षार्थी जिन्होंने दिसंबर 2019 के पूर्व परीक्षा दी है एवं जिन्हे एटीकेटी की पात्रता प्राप्त है ऐसे परीक्षार्थी PEO कोड के प्रश्न–पत्रों का चयन करते हुये ही परीक्षा में शामिल होगा।
7. उपर्युक्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के दौरान परीक्षार्थी संक्रमण से बचाव के लिये जारी दिशा–निर्देशों का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी निर्देशों का पालन भी कड़ाई से करेंगे।

1.2.22

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 214 / गोपनीय / 2022 दिनांक 01 FEB 2022

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति जी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के निज सहायक को कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. कार्यालय प्रति।

01/02/2022

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)